रामेश्वर तेली
Rameswar Teli
ৰামেশ্বৰ তেলী

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
श्रम एवं रोजगार और
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस
भारत सरकार
Minister of State for
Labour & Employment and
Petroleum & Natural Gas
Government of India

संदेश

हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी को मेरी बहुत–बहुत शुभकामनाएं ।

संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को भारत संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी को अपनाया था। उसी समय से हर वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भाषा सम्पूर्ण राष्ट्र की एकता और अखंडता की महत्वपूर्ण कड़ी होती है। एक ओर जहां भारत में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाएं हमारे देश की पहचान हैं वहीं पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम हिंदी ने सफलतापूर्वक किया है।

भारतीय संविधान के अनुसार संघ सरकार का दायित्व है कि वह हिंदी भाषा का प्रचार बढ़ाए और उसका प्रसार करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तथ्यों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। अतः हम सभी का यह संवैधानिक दायित्व है कि हम अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करें और राजभाषा अधिनियम और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

मैं आशा करता हूँ कि मंत्रालय और इसके नियंत्रणाधीन कार्यालयों के सभी अधिकारी और कर्मचारी सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे और अपने संवैधानिक दायित्व का पालन करेंगे।

जय हिन्द ।

(रामेश्वर तेली)

कार्यालय : 112, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली-110001 टेली. : 011-23720013 ई-मेल : rameswar.teli@gov.in
Office : 112, Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Tel. : 011-23720013 E-mail : rameswar.teli@gov.in